हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 मार्च 2025

10 गांव भिरड़ाना के सरपंच प्रतिनिधि का काटा चालान...



10 आंगनबाड़ी वर्करों ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना...



## खबर संक्षेप

### गांव मढ़ में श्रीमद् भागवत कथा शुरू

**फतेहाबाद।** श्री सिद्ध महादेव पुरी सभा गांव मढ़ में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आज शुभारंभ किया गया। जानकारी देते हुए सेवादार दिनेश कटारिया ने बताया कि 57वें वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में 18 से 24 मार्च तक संगीतमयी श्रीमद् भागवत पुराणकथा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्री हरिनाम संकीर्तन मंडल द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 18 मार्च को प्रातः 11 बजे पाठ का शुभारंभ किया गया।

### पर्यावरण स्थिरता और जागरुकता पर व्याख्यान

**टोहाना।** भूना रोड स्थित डिफेंस पीजी कॉलेज ऑफ एजुकेशन तथा डिफेंस डिग्री कॉलेज में संयुक्त रूप से पर्यावरण स्थिरता और जागरूकता पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता नरेश कुमार सहायक आचार्य भूगोल राजकीय कन्या महाविद्यालय पलवल कुरूक्षेत्र रहे। जिन्होंने अपने व्याख्यान में छात्र-छात्राओं को बताया कि हम पर्यावरण संरक्षण करके आने वाली भावी पीढ़ियों को बेहतर जीवन प्रदान कर सकते हैं।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत आवेदन 31 तक

**फतेहाबाद।** पीएम इंटर्नशिप योजना युवाओं को सशक्त बनाने और भविष्य के लिए तैयार कार्यबल बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। अब युवाओं के लिए पीएम इंटर्नशिप पोर्टल फिर से खुल चुका है और रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं। पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

### अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक 20 को

**फतेहाबाद।** सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों द्वारा भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में 20 मार्च को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि 20 मार्च को सुबह 11 बजे लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित बैठक में उपायुक्त मनदीप कौर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली।

### जिला स्तरीय सेमिनार आज बनगांव में

**फतेहाबाद।** उद्यान विभाग द्वारा खंड फतेहाबाद के गांव बनगांव में 19 मार्च को सुबह 10 बजे जिला स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया जाएगा, जिसके मुख्यातिथि अतिरिक्त उपायुक्त अनुराग ढालिया होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को बागवानी फसलों की तकनीकी जानकारी देने एवं किसानों को अधिक से अधिक बाग व सब्जी लगाने बारे प्रेरित करना है ताकि जिले में बागवानी के क्षेत्र को बढ़ावा दिया जा सके। जिला उद्यान अधिकारी डॉ. श्रवण कुमार ने बताया कि पौधा रोपण करके जिला स्तरीय सेमिनार की शुरूआत की जाएगी।

### अग्रिपथ योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू

**सिरसा।** अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया (2025-26) शुरू हो गई है। यह प्रक्रिया 12 मार्च से शुरू होकर 10 अप्रैल तक चलेगी, जिसके लिए पोर्टल 10 अप्रैल तक खुला रहेगा। सेना भर्ती कार्यालय हिसार के भर्ती निदेशक ने बताया कि इस वर्ष अग्निवीर भर्ती के लिए दो श्रेणियों में आवेदन का विकल्प दिया गया है, जिससे योग्य युवा अपनी पसंद और योग्यता के अनुसार आवेदन कर सकते हैं।

---

### 6 एकड़ में नया टेंक बनने से टेंक का क्षेत्रफल बढ़कर 26 एकड़ हुआ, नहीं होगी पेयजल सप्लाई में कटौती

# नहरबंदी में नहीं सूखेगा शहरवासियों का गला, नया टेंक बनने से 16 की बजाय 24 दिन की होगी वॉटर स्टोरेज क्षमता

*जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज का कहना है कि आज बुधवार से पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से चलेगी। मालूम हो कि भाखड़ा डैम में जलस्तर कमी और फतेहाबाद ब्रांच नहर में मरम्मत कार्य के चलते नहरबंदी चल रही है। इसमें एक 10 एमएलडी और दूसरा 12 एमएलटी का डब्ल्यूटीपी शामिल हैं। अभी तक यहां पर 20 एकड़ भूमि पर पानी का टेंक बना हुआ है, जिससे पूरे शहर में प्रतिदिन दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है*



सुरेन्द्र असीजा ▶▶| फतेहाबाद

नहरबंदी के चलते शहरवासियों को पेयजल किल्लत का सामना न करना पड़े, इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग ने खैरातीखेड़ा रोड पर स्थित 22 एमएलडी के वॉटर वर्क्स के टेंक का क्षेत्रफल 20 एकड़ से बढ़ाकर 26 एकड़ कर दिया है। अब इस टैंक में पानी की स्टोरेज क्षमता 16 दिन की बढ़कर 24 दिन की हो गई है। यानि कि लगातार 24 दिन नहरबंदी रहती है तो भी फतेहाबाद शहर में पेयजल की किल्लत नहीं आएगी। बता दें कि इससे पूर्व यहां 20 एकड़ में वॉटर टैंक बना हुआ है। मंगलवार को 6 एकड़ में बना टेंक भी इसमें जोड़ दिया है। टेंकों को जोडऩे के कार्य के चलते मंगलवार को शहर में पेयजल की सप्लाई नहीं हो सकी। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ सतपाल रोज का कहना है कि आज बुधवार से पेयजल सप्लाई सुचारू रूप से चलेगी। मालूम हो कि भाखड़ा डैम में जलस्तर कमी और फतेहाबाद ब्रांच नहर में मुरम्मत कार्य के चलते नहरबंदी चल रही है। फतेहाबाद में नहर आधारित जलापूर्ति करने के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के खैरातीखेड़ा रोड पर दो वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट चल रहे हैं। इसमें एक 10 एमएलडी और दूसरा 12 एमएलटी का डब्ल्यूटीपी शामिल हैं। अभी तक यहां पर 20 एकड़ भूमि पर पानी का टेंक बना हुआ है, जिससे पूरे शहर में प्रतिदिन दो बार पानी की आपूर्ति की जाती है। पिछले दिनों भाखड़ा डैम में जलस्तर में कमी आने के बाद यहां नहरबंदी का समय बढ़ा दिया गया था। पहले एक समय में 16 दिन नहरें चलती थी और 16 दिन बंद रहती थी। भाखड़ा डैम में जलस्तर में कमी के बाद नहरें 16 दिन बंद और 8 दिन चल रही हैं। पिछले सप्ताह भाखड़ा-ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड ने भाखड़ा से निकल रही फतेहाबाद मेन ब्रांच में मेंटेनेंस कार्य के चलते 40 दिन नहरबंदी का सर्कुलर जारी किया। हालांकि 22 से 25 मार्च तक नहरों में पानी छोड़ा जाएगा लेकिन 25 मार्च से 40 दिन तक नहरों में पानी बंद रहेगा। नहरों में पानी की किल्लत को देखते हुए जनस्वास्थ्य विभाग ने खैरातीखेड़ा रोड पर 20 एकड़ टेंक के साथ ही 6 एकड़ भूमि पर एक अन्य टेंक का निर्माण करवाकर कुल टेंक को 26 एकड़ का कर दिया ताकि शहर में पानी की समस्या न रहे। मंगलवार को नए बने टेंक को पुराने टेंक से जोडऩे का काम किया गया, जिसके चलते दोपहर को शहर में पेयजल आपूर्ति नहीं हो पाई। 6 एकड़ के टेंक के नया बन जाने के बाद यहां पानी स्टोरेज की क्षमता 16 दिन से बढक़र 24 दिन हो जाएगी। यानि कि फतेहाबाद के 26 एकड़ के टेंक में 24 दिन के खपत के पानी की क्षमता रहेगी। इस समय फतेहाबाद में प्रतिदिन 2 करोड़ 20 लाख लीटर यानि 22 एमएलडी पानी प्रतिदिन दिया जा रहा है। यह पानी डब्ल्यूटीपी से फिल्टर होकर प्रतिदिन सुबह व दोपहर को शहर में सप्लाई किया जाता है।



फतेहाबाद। खैरातीखेड़ा रोड पर बना वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट।



फोटो :हरिभूमि

#### आज से सप्लाई सुचारू रूप से चलेगी

*फतेहाबाद के खैरातीखेड़ा रोड पर टैंक की क्षमता बढ़ाकर 26 एकड़ कर दी गई है। पहले यह टेंक 20 एकड़ का था। अब पानी के स्टोरेज की क्षमता 16 दिन से बढक़र 24 दिन की हो जाएगी। मंगलवार को दोनों टैंकों का कनैक्शन जोड़ दिया गया है। आज बुधवार से शहर में दोनों समय पानी की सुचारू रूप से सप्लाई चलेगी।*

*-सतपाल रोज, एसडीओ जनस्वास्थ्य विभाग*

---

*प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित*

## स्वरोजगार से जुड़ी 8 महिलाओं को दिए गए आर्थिक सहायता के चेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से मंगलवार को पंचायत भवन में जिला स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. सुभाष चंद्र ने बतौर मुख्याअतिथि शिरकत की। कार्यक्रम में विभाग की विभिन्न योजनाएं जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सुरक्षित भविष्य निधि योजना, आपकी बेटी-हमारी बेटी, मुख्यमंत्री मातृत्व सहायता योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण से संबंधित कानून आदि के बारे में महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, क्रेच कार्यकर्ता और सुपरवाइजर आदि को जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की उप-निदेशक डा. दर्शना सिंह ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभाग की योजनाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा कुमारी दीक्षिता को शिक्षा ऋण योजना के तहत 90 लाख रूपये की अनुदान राशि दी गई है, जिसमें ब्याज की सब्सिडी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दी गई है।



सिरसा। एक महिला को सम्मानित करते डा. सुभाष चंद्र। फोटो :हरिभूमि

---

*मृतक की पत्नी की शिकायत पर पूर्व सरपंच के खिलाफ एफआईआर दर्ज*

## पूर्व सरपंच के 7 लाख रुपये न देने पर युवक ने की आत्महत्या, कार से मिला सुसाइड नोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

गांव हड़ौली के पास सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में थेड़ी निवासी अजीत द्वारा जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने के मामले में आज उस समय नया मोड़ आ गया जब मृतक व्यक्ति की कार से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ। इसमें उसने गांव के पूर्व सरपंच पर आत्महत्या के लिए मजबूर करने का आरोप लगाया है। इसके बाद रतिया पुलिस ने मृतक व्यक्ति की पत्नी सोनिया की शिकायत पर उक्त पूर्व सरपंच के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में मृतक की पत्नी सोनिया ने आरोप लगाया कि उसका पति अजीत सिंह खेती बाडी के साथ भट्टू अनाज मण्डी में आढ़त की दुकान करता था। सोनिया ने कहा कि वर्ष 2015 में उसने गांव के सरपंच पद के लिये चुनाव लड़ा था। उसके पति अजीत सिह ने गांव के पूर्व सरपंच सुरेश कुमार को चुनाव में खर्च प्रबन्धन का काम दिया हुआ था। हिसाब करने के बाद सुरेश कुमार की तरफ उनके 7 लाख रुपये बकाया रह गये थे। महिला ने कहा कि उसके पति ने सुरेश कुमार से कई बार पैसे मांगे। जब सुरेश ने पैसे नहीं लौटाए तो उसके पति परेशन रहने लगा। इसी परेशानी के चलते उसके पति ने जहरीला पदार्थ निगलकर आत्महत्या कर ली है।

#### सुसाइड नोट में परिजनों व बच्चों से मांगी माफी

*कार से मिले अजीत के सुसाइड नोट में लिखा हुआ है कि 'मेरे सभी रिश्तेदार व दोस्तों, इस काम के लिये मुझे माफ करना। मेरे बच्चों व मेरी माता जी मुझे माफ करना। मैं तगं हो गया था। माफी मांग कर मैने सुरेश कुमार पुत्र मनफुल सिवंर निवासी थेडी को 7 लाख रुपये दे रखे है। मेरे मांगने पर गाली गलौच करता है। मैंने इस वजह से सुसाईड किया है। मेरी बेटी तनीषा व रजत बेटा व मेरी धर्मपत्नी सोनिया मुझे माफ करना। तनिषा बेटा तेरे को आईपीएस बनना है, मेरा सपना साकार करना।*

#### बेटी को आईपीएस बनाना चाहता था मृतक अजीत

*परिजनों ने बताया कि अजीत सिंह अपनी बेटी तनीषा को आईपीएस बनना चाहता था और वह समय-समय पर उसको आईपीएस बनने के लिए मोटिवेट भी करता रहता था और कहता था कि तुझे आईपीएस बनाकर मेरे सपनों को पूरा करना है लेकिन पूर्व सरपंच द्वारा रुपए वापस न करने के कारण उसने जीवन लीला समाप्त कर ली।*

---

*आंगनबाड़ी और महिला चौपाल के पास खाली पड़ी दो कनाल जमीन पर बाप-बेटे ने कब्जा कर लिया था*

## भट्टू ग्राम पंचायत की जमीन से कब्जा हटाया, दो मकानों को तोड़ा

### बीडीपीओ व ग्राम सचिव ने किया मौके का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ग्राम पंचायत भट्टू में मंगलवार को प्रशासनिक टीम ने भारी पुलिस बल की मौजूदगी में बुलडोजर से अतिक्रमण हटाया। पंचायत की शामलाती जमीन पर दो मकान बनाकर कब्जा किया गया था। सरपंच की शिकायत पर बीडीपीओ ने निरीक्षण किया। ड्यूटी मजिस्ट्रेट की नियुक्ति के बाद कार्रवाई की गई। बता दें कि ग्राम पंचायत की आंगनबाड़ी और महिला चौपाल के पास खाली पड़ी दो कनाल जमीन पर बाप-बेटे ने कब्जा कर लिया था। पंचायत ने पहले भी इस जमीन पर कब्जा करने की कोशिश को नाकाम किया था। करीब 20 दिन पहले रातों-रात दो मकान बना लिए गए। सरपंच किरणदीप कौर ने इसकी शिकायत खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनिल कुमार से की। बीडीपीओ ने ग्राम सचिव रामनिवास के साथ मौके का निरीक्षण किया। कब्जाधारियों को जमीन खाली करने के निर्देश दिए, लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। बीडीपीओ ने उच्च अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी। ड्यूटी मजिस्ट्रेट लगाने की सिफारिश की। एग्रीकल्चर विभाग के उपमंडल अधिकारी संजय सेलवाल बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट भारी पुलिस बल के साथ पहुंचे। कब्जाधारियों से दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वे कोई प्रमाण नहीं दे सके।



भूना। कब्जा हटाते समय मौके पर अधिकारी व पुलिस कर्मी निगरानी करते हुए।

---

*ग्रैंड मैनेजमेंट फेस्ट स्प्रिंग स्प्री - 2025 का आयोजन*

## ऑफ-रोडिंग सिर्फ शौक नहीं बल्कि बढ़ाता है आत्मविश्वास: कर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ के बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज में मंगलवार को दो दिवसीय ग्रैंड मैनेजमेंट फेस्ट स्प्रिंग स्प्री -2025 का शुभारंभ हुआ। जेसीडी आईबीएम की प्राचार्या एवं संयोजक डॉ. हरलीन कौर ने बताया कि यह फेस्टिवल विद्यार्थियों को मैनेजमेंट, मार्केटिंग, स्पोर्ट्स और कल्चरल इवेंट्स में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। इस महोत्सव में कल्चरल मेला, फाइन आर्ट, स्पोर्ट्स और एकेडमिक इवेंट्स जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। फेस्टिवल के पहले दिन की शुरुआत जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक प्रो. डॉ. जय प्रकाश द्वारा ऑफ-रोडिंग इवेंट के उद्घाटन से हुई। इस रोमांचक स्पोर्ट्स इवेंट को डेजर्ट रेडर्स क्लब द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कर्ण चौटाला जिला परिषद चेयरमैन उपस्थित रहे और विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया।



सिरसा। ग्रैंड मैनेजमेंट फेस्ट स्प्रिंग स्प्री-2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते डॉ. जयप्रकाश।

---

*महिला को ढाल बनाकर देते थे वारदात को अंजाम*

## लिफ्ट मांगने के बहाने करते थे ब्लैकमेल, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डबवाली

औरत लिफ्ट लेती थी, उसके बाद वह और उसके साथी मिलकर लिफ्ट देने वाले से छेड़छाड़ व अन्य आरोप लगाकर ब्लैकमेल का अपराध करते थे। अब क्योंकि मामला इज्जत से जुड़ा होता है। इसलिए निर्दोष लोग ब्लैकमेलिंग का शिकार हो जाते हैं। ऐसा ही एक गिरोह डबवाली में सक्रिय हुआ और पुलिस के हत्थे चढ़ गया। फिलहाल डबवाली के थाना सदर के अंतर्गत चौकी चौटाला पुलिस ने ब्लैकमेलिंग करने के मामले में आरोपी को 20 हजार रुपए की ब्लैकमेलिंग राशि के साथ रंगे हाथों काबू किया है। जानकारी देते हुए एसपी सिद्धान्त जैन ने बताया की गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की पहचान कृष्ण कुमार ऊर्फ विक्की के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इस संबंध में निर्भय सिंह पुत्र महेंद्र सिंह निवासी मसीतां ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपनी स्कूटी पर लखुआना से अपने गांव मसीतां जा रहा था। जो रास्ते में एक औरत ने उससे लिफ्ट मांगी। लिफ्ट देने पर कुछ ही दूरी पर तीन नौजवान लड़को ने उसकी स्कूटी रुकवा ली और कहा कि तुम हमे रुपये दे दो नहीं तो हम आपको हमारी औरत के साथ छेड़खानी करने के झूठे मुकदमे मे आपको फंसवा देंगे।

#### रास्ते में किसी पर न करें विश्वास

पुलिस अधीक्षक सिद्धान्त जैन ने बताया की अगर आपसे रास्ते में जाते समय कोई अंजान महिला या पुरुष इस तरह से लिफ्ट मांगता है तो आप उस पर किसी भी तरह से विश्वास न करे। लिफ्ट लेने वाले के बारे में पूरी तरह से जानकारी जुटाएं और अगर आपको उस व्यक्ति बारे जानकारी सही पाई जाती है, तभी सहायता करें।

---

*भट्टू क्षेत्र के हर गांव में 100 से 50 लोग बीमारियों से पीड़ित हैं, सुविधाओं का टोटा*

### बड़ी सख्या में किसानों ने भाग लिया, सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

## सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों की कमी से परेशान लोगों ने अस्पताल के बाहर किया प्रदर्शन

### स्वास्थ्य मंत्री को भेजा मांग पत्र, डॉक्टरों के पद भरने सहित अन्य सुविधाओं की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भट्टूकलां

भट्टूकलां के सरकारी अस्पताल में चिकित्सकों की कमी और अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को अखिल भारतीय किसान सभा के आह्वान पर सरकारी अस्पताल के बाहर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता रिछपाल भादू व विजेन्द्र कुमार ने की जबकि संचालन विकास डूडी ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर किसान सभा के जिला प्रधान विष्णुदत्त शर्मा ने भाग लिया। प्रदर्शन में काफी संख्या में किसानों ने भाग लिया और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जताया। इसके बाद सभा द्वारा एसएमओ को स्वास्थ्य मंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा। धरने को संबोधित करते हुए विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि भट्टू क्षेत्र में इन दिनों कैंसर, हृदय रोग जैसी जानलेवा बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में जोड़ों व गोढ़ों-मोढ़ों के दर्द के मरीज इलाज के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भट्टू क्षेत्र के हर गांव में 100 से 50 लोग ऐसे बीमारियों से पीड़ित हैं जिनमें महिलाओं की संख्या काफी अधिक है। यह लोग जब उपचार के लिए भट्टूकलां के सरकारी अस्पताल आते हैं तो न तो इन्हें यह कोई चिकित्सक मिलता है और न ही दवाईयां। एक्स-रे व अन्य सुविधाओं का भी टोटा है। सरकारी अस्पताल में 7 डॉक्टरों की स्थाई पोस्ट है, जिसमें महिला डॉक्टर सहित 3 अस्थाई डॉक्टर है। एसएमओ भी स्थाई नहीं है।



भट्टूकलां। के सरकारी अस्पताल के बाहर प्रदर्शन के बाद ज्ञापन सौंपते किसान सभा के सदस्य।

#### प्रमुख मांगें

उन्होंने स्वास्थ्य मंत्री से मांग की है कि भट्टू के सरकारी अस्पताल में हड्डियों, कान-नाक सहित सभी डॉक्टरों के खाली पदों को तुरंत भरा जाए। इसके अलावा अस्पताल में दांतों सहित सभी प्रकार की एक्स-रे मशीनों का प्रबंध किया जाए। कुत्ता, बंदर व सांप के काटने पर उपचार के लिए इस्तेमाल होने वाली दवाईओं की व्यवस्था की जाए। चिकित्सकों की कमी के कारण डिलीवरी के लिए आने वाली महिलाओं व एमरजेंसी मरीज को यहां से आगे रेफर कर दिया जाता है। सभा ने मांग की है कि आयुष्मान कार्ड पर मरीज के खाते से जो पैसे निकाले जाते हैं, वह खर्चा सार्वजनिक किया जाए और इसकी एसआईट गठित कर जांच करवाई जाए। भट्टू अस्पताल में ईसीजी मशीन का प्रबंध किया जाए। इस अवसर पर रोहताा मेहूवाला, रामस्वरूप सिद्धू, दिनेश कुमार, बिल्लु साई, साधुराम जांडवाला, भूप सिंह नायक, अश्विनी कुमार, किशोरी लाल, मांगेराम, कृष्ण चन्द्र, मनीराम, नोरंग राम आदि मौजूद रहे।



# 'सिकंदर' का नया गाना रिलीज

**मुंबई।** सलमान खान की फिल्म 'सिकंदर' का गाना 'नाचे सिकंदर' रिलीज हो गया है। गाने ने आते ही फैंस के बीच हंगामा मचाना शुरू कर दिया है। हाल ही में इसका टीजर जारी किया गया था, जिसकी वजह से प्रशंसक पहले से ही काफी ज्यादा उत्साहित थे। इस गाने में सलमान अपने खास अंदाज और जोरदार डांस मूव्स के साथ स्क्रीन पर छा गए हैं। रश्मिका मंदाना ने अपनी खूबसूरती और बेहतरीन डांस से उनका भरपूर साथ दिया है। गाने के हुक स्टेप्स मशहूर 'डबके' डांस से प्रेरित हैं।शानदार सेट्स और तुर्की के मशहूर डांसर्स की मौजूदगी ने इसे गाने में चार चांद लगा दिए हैं। कोरियोग्राफर अहमद खान ने इसमें तुर्की स्टाइल जैसा फील डाला है, जिसकी वजह से गाना और भी ज्यादा खास बन गया है। गाने का म्यूजिक जैम8 ने तैयार किया है। समीर ने इसके बोल लिखे हैं।



लाइफ Style

# समीरा

## जिम और डाइट से हासिल की फिटनेस

समीरा रेड्डी सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती हैं और अपनी निजी जिंदगी से जुड़े अपडेट यहां शेयर करती नजर आती हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी फिटनेस यात्रा के बारे में फैंस को बताया। साथ ही यह खुलासा भी किया कि उनका वजन बहुत ज्यादा कम नहीं हुआ है, बल्कि उनके इंचेज कम हुए हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

समीरा रेड्डी ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इसमें अपनी फिटनेस को लेकर खुशी जताती नजर आईं। समीरा रेड्डी पर्पल ट्राउजर और व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं, जिसके साथ व्हाइट ब्लेजर कैरी किया है। समीरा रेड्डी ने बताया कि उन्होंने जिम, कार्डियो और डाइट के जरिए यह फिटनेस हासिल की है। वे अब काफी फिट और मजबूत महसूस कर रही हैं। समीरा रेड्डी ने अपने पोस्ट में बताया कि आखिरकार कपड़े फिट आने लगे हैं। हालांकि, इस फिटनेस यात्रा में उनके वजन में बहुत ज्यादा अंतर नहीं आया है। उनका वजन 90 किलो से 88 किलो हो गया है। यानी सिर्फ दो किलो का अंतर आया है। लेकिन, उनके इंच घटे हैं। समीरा रेड्डी ने पोस्ट शेयर कर लिखा है, 'किलो नहीं, इंच कम हुए हैं। 'जिम, डाइट और कार्डियो से वजन में ज्यादा बदलाव नहीं आया है, लेकिन इंच में जरूर बदलाव आया है, जो कि मैं चाहती हूं। हालांकि, मैं 90 किलो से 88 किलो पर आ गई हूं। मेरी मसल्स बढ़ी हैं। मैं अब ज्यादा मजबूत महसूस करती हूं। स्टेमिना बढ़ गया है और कपड़े भी अब फिट आ रहे हैं'। समीरा ने आगे लिखा, 'छोटी-छोटी जीत का जश्न मनाना इस फिटनेस यात्रा में उत्साह और जोश बनाए रखने का सबसे बढ़िया तरीका है'।

## हॉलीवुड मसाला



# गला घोंटने की बात स्वीकारी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोनाथन मेजर्स को अपनी पूर्व प्रेमिका ग्रेस जब्बारी को परेशान करने के मामले में दोषी पाया गया था। अब इस मामले में इन दोनों के बीच के झगड़े का एक ऑडियो रिकॉर्डिंग सामने आया है, जिसमें अभिनेता उन्हें उत्पीड़न करने और गला घोंटने की बात स्वीकार कर रहे हैं। यह ऑडियो सितंबर 2022 का बताया जा रहा है। इसमें जब्बारी ने अभिनेता जोनाथन से बात करते हुए अपने ऊपर किए हमले को लेकर सवाल किया है।




# अगले साल का ऑस्कर भी होस्ट करेंगे कॉनन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड फिल्म एकेडमी की तरफ से बताया गया कि अगले साल यानी 2026 में होने वाले ऑस्कर अवॉर्ड के होस्ट फिर से कॉनन ओ'ब्रायन ही होंगे। यह अवॉर्ड अगले साल 15 मार्च को होगा। 98वें ऑस्कर अवॉर्ड का होस्ट बनकर कॉनन ओ'ब्रायन भी काफी खुश हैं। कॉनन ओ'ब्रायन कहते हैं, 'अगले साल ऑस्कर को होस्ट करने का एक अकेला कारण यह है कि मैं एड्रियन ब्रॉडी को उनकी स्पीच खत्म करते हुए सुनना चाहता हूं।' इस अवॉर्ड के ब्रॉडकास्टर एबीसी के अनुसार भी मार्च महीने की शुरुआत में 97वें ऑस्कर अवॉर्ड को लगभग 19.7 मिलियन दर्शकों ने देखा। यह 2025 का सबसे ज्यादा देखा जाने वाला प्राइम टाइम एंटरटेनमेंट शो भी था। इस बार के ऑस्कर अवॉर्ड में कॉनन की होस्टिंग की, कॉमेडी की काफी तारीफ हुई।



# तापसी ने कहा -मेरे लिए कुछ भी नहीं बदला

**मुंबई।** कुछ दिनों पहले अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी ने यह दावा किया था कि फिल्म 'पिंक' के प्रमोशन के दौरान उन्हें नजरअंदाज किया गया था। कीर्ति कुल्हारी के इस दावे पर अब फिल्म 'पिंक'की मुख्य अभिनेत्री तापसी पन्नू ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। कीर्ति के साथ अपने रिश्तों पर तापसी ने कहा, 'उसने हमारे रिश्ते या स्थिति को एक निश्चित तरीके से देखा, इसलिए शायद उसने मुझसे दूरी महसूस की। मैंने हमेशा उसके साथ पेशेवर रवैया अपनाया और अब भी रखती हूं। मैंने उसके साथ मिशन मंगल में भी काम किया है और मुझे नहीं लगता कि पेशेवर तौर पर मेरे लिए कुछ बदला है, क्योंकि जहां से मैंने देखा, मुझे कोई असमानता नहीं दिखी। इसलिए, मेरे लिए, यह वही लड़की थी जिसके साथ मैंने पिंक में काम किया था।



# करण ने किया खुशी व इब्राहिम का बचाव

**मुंबई।** सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान ने इस महीने फिल्म 'नादानियां' से डेब्यू किया है। यह फिल्म ओटीटी पर रिलीज हुई है, जिसमें इब्राहिम के साथ खुशी कपूर नजर आई हैं। फिल्म को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया नहीं मिली है, उल्टा आलोचनाएं हो रही हैं। इब्राहिम और खुशी को भी ट्रोल किया जा रहा है। खुशी और इब्राहिम की ट्रोलिंग पर अब तक कई सेलेब्स उनका बचाव कर चुके हैं। अब हाल ही में करण जौहर ने दोनों सितारों का बचाव किया है। यहां उनसे 'नादानियां' को मिल रहे नेगेटिव रिव्यूज पर सवाल किया गया। करण जौहर ने 'नादानियां' की आलोचना पर कहा, 'मैं बस ये ही कहूंगा, एक पुरानी फिल्म का अल्फाज है कि कुछ तो लोग कहेंगे, लोगों का काम है कहना...छोड़ो बेकार की बातें, बीत न जाए रैना'।

## टीवी मसाला




# 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में आने वाले हैं कई ट्विस्ट

नई दिल्ली। टीवी सीरियल 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' की कहानी में फिर एक बार 5 महीने का लीप आने की खबर है। जानकारी के मुताबिक मेकर्स शो में कुछ बड़े ट्विस्ट लाने जा रहे हैं ताकि यह टीआरपी ग्राफ पर फिर नई छलांग लगा सके। अरमान और अभिरा आईवीएफ के जरिए अपने परिवार की नई शुरुआत करना चाहते थे लेकिन बार-बार कंसीव करने की उनकी कोशिश नाकाम रहेगी। दोनों आईवीएफ ट्रीटमेंट ट्राय करेंगे लेकिन यह भी फेल हो जाएगा। डॉक्टर दोनों को सरोगेसी की सलाह देगी लेकिन अरमान इस पर राजी नहीं होगी। अभिरा बार-बार उसे समझाने की कोशिश करेगी लेकिन अरमान नहीं चाहता कि अभिरा के अलावा कोई और उसके बच्चे की मां बने। अभिरा अपने पति अरमान को राजी करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। वह अरमान को बताएगी कि वह अब मां बनना चाहती है और इसके लिए कुछ भी करने को तैयार है। आखिरकार अरमान को अपनी पत्नी के आगे झुकना होगा। दोनों सरोगेट मदर की तलाश शुरू करेंगे और आखिरकार उन्हें एक लड़की इसके लिए मिल जाएगी। यह लड़की कोई और नहीं, बल्कि रोहित की पत्नी रूही होगी। दोनों इसी लड़की के साथ अपने ट्रीटमेंट को आगे बढ़ाने का फैसला लेंगे। रोहित भी इसके लिए राजी हो जाएगा और अरमान-अभिरा के दर्द और उनकी जरूरत को समझेगा कि दोनों अभी किस तकलीफ से गुजर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक कहानी में 5 महीने का लीप आएगा और कहानी आगे बढ़ जाएगी।

## सामने आएगा वसुंधरा का काला सच फूटेगा अनुपमा के गुस्से का ज्वालामुखी

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो जारी कर दिया गया है। अनुपमा की बेटी राही का एडमिशन इंटरव्यू लेटर जला देने के बाद मोटी बा ऐसी अनजान बनी बैठी है, जैसे उन्हें कुछ पता ही नहीं हो। होली पार्टी के दौरान प्रेम को मैसेज के जरिए इंस्टीट्यूट से यह पता चलेगा कि उन्हें लेटर भेजा गया था और इसे किसी ने उनके यहां से रिसीव भी किया था। इंस्टीट्यूट बताएगा कि उनका एडमिशन कैंसिल कर दिया गया है क्योंकि वो दोनों इंटरव्यू के लिए नहीं पहुंचे थे। मोटी बा यह सब देख रही होगी लेकिन चुपचाप बैठी रहेगी। लेकिन वहीं पर मौजूद अनुपमा वसुंधरा कोठारी के हावभाव पढ़ लेगी। मोटी बा की कही पुरानी बातों को उसके वर्तमान हावभावों से जोड़कर देखते हुए अनुपमा समझ जाएगी कि हो ना हो, वसुंधरा कोठारी इस मामले में कुछ ना कुछ तो जरूर जातनी हैं। क्योंकि अनुपमा खुद भी अपनी सास की ऐसी हरकतें देख चुकी है, इसलिए भी उसे मोटी बा पर शक होगा।



# रेखा के काफी नखरे थे, अमिताभ के साथ नहीं थे अच्छे संबंध...

**नई दिल्ली।** रेखा हिंदी सिनेमा की सबसे बेहतरीन और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। वह अपने समय की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली एक्ट्रेसेस में से थीं और यही वजह है कि हर डायरेक्टर उन्हें अपनी फिल्म में लेना चाहता था। अब रेखा को लेकर इंडियन सिनेमा का पॉपुलर विलेन रंजीत ने कुछ बातें बताई हैं। उन्होंने बताया कि कैसे एक बार उन्होंने रेखा को अपनी फिल्म के लिए साइन किया था, लेकिन फिर उन्होंने एक्ट्रेस से साइनिंग अमाउंट वापस मांगा। ऐसा क्यों हुआ आगे बताते हैं।



***रेखा को किया साइन :*** रंजीत ने एक इंटरव्यू में बताया कि एक समय ऐसा था जब वह परेशान हो गए थे उन रोल को लेकर जो उन्हें ऑफर किए जा रहे थे। उन्होंने कहा, 'मैंने एक दशक तक फिल्में साइन नहीं की। मैं परेशान हो गया था, इसलिए मैंने अपनी फिल्में बनाने का सोचा। मैं एक्टर्स को पैसे देते थे उनके काम के बाद, लेकिन कुछ मुझसे नहीं लेते थे जो हमारे बीच बॉन्ड होता था उस वजह से। वैसे ही मैंने एक बार रेखा को बोला कि आप मेरी दोस्त हो, लेकिन मैं आपको एक फिल्म में लेना चाहता हूं। आप मुझे एक अमाउंट बता दो और मैं आपको पैसे दे दूंगा और उन्होंने बताया। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी और ने जिन्होंने उन्हें अपनी किसी फिल्म में साइन किया होगा वह उन्हें 5 लाख दे रहे हैं और ये अमाउंट उससे कम था जो उन्होंने मुझे बताया था।' रंजीत ने आगे कहा, 'मुझे पता है कि उनके घर के बाहर प्रोड्यूसर्स की लाइन होती है जो उनसे मिलने चाहते हैं। मैंने जब उन्हें स्टोरी बताई, मेरी पूरी टीम बाहर इंतजार कर रही थी क्योंकि रेखा ने सबको नहीं आने दिया था। मैंने रेखा को बोला भी, लेकिन उन्होंने कहा कि उन्हें बाहर ही इंतजार करने दो। सिर्फ फरजाना (रेखा की मैनेजर) ही सबके मैसेज रेखा तक पहुंचाती थी। वह किसी से नहीं मिलती थीं।'

# पहली फिल्म से रातोंरात स्टार बने नवीन निश्चल

## पहली पत्नी ने दिया तलाक-दूसरी की वजह से गए जेल

**नई दिल्ली।** नवीन निश्चल ने हिंदी सिनेमा में अपनी एक खास पहचान बनाई। उनका जन्म 18 मार्च 1946 को लाहौर में हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 1970 में फिल्म 'सावन भादो' से की थी। नवीन निश्चल का जीवन उतार-चढ़ाव से भरा रहा। उन्होंने सिनेमा में शानदार योगदान दिया, तो दूसरी ओर उनकी निजी जिंदगी चर्चा का विषय बनी रही। उनका फिल्मी सफर और पर्सनल लाइफ आज भी लोगों के लिए बीच जिज्ञासा का विषय है।

### नवीन का कॅरियर

नवीन निश्चल ने फिल्म और टेलीविजन इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया से अभिनय की शिक्षा ली और वह एफटीआई के फर्स्ट गोल्ड मैडलिस्ट रहे। उनकी पहली फिल्म 'सावन भादो' थी। इस फिल्म में नवीन की



को-स्टार रेखा थीं। यह फिल्म हिट रही। इस सफलता ने उन्हें रातोंरात स्टार बना दिया। इसके बाद नवीन ने विक्टोरिया नंबर 203, बुड्ढा मिल गया, धुंध, हंसते जख्म और परवाना जैसी कई यादगार फिल्मों में काम किया। उनके अभिनय को दर्शकों ने खूब पसंद किया। नवीन की आखिरी फिल्म खोसला का घोसला थी, जिसमें उन्होंने सहायक किरदार निभाया था।

### टीवी में किया अभिनय

नवीन के करियर में कई उतार-चढ़ाव आए। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेट पर नवीन के नखरे और सह-कलाकारों और निर्माताओं के साथ तनाव की वजह से उनकी लोकप्रियता कम हुई। बाद में उन्होंने टीवी की ओर रुख किया और देख भाई देख जैसे शो में काम किया।

### दो शादी और तलाक

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नवीन ने अपनी पहली शादी अभिनेता देव आनंद की भतीजी नीलू कपूर से की थी। इस शादी से उनकी दो बेटियां, नताशा और नोमिता हुईं। हालांकि, उनके को-स्टार पद्मिनी कपिला के साथ कथित अफेयर की खबरों के बाद नीलू ने उन्हें तलाक दे दिया। इसके बाद 1996 में नवीन ने गीतांजलि से दूसरी शादी की। यह रिश्ता भी विवादों में रहा। 2006 में गीतांजलि ने आत्महत्या कर ली और अपने सुसाइड नोट में नवीन पर मानसिक और शारीरिक प्रताड़ना का आरोप लगाया। इस मामले में नवीन को जेल भी जाना पड़ा, लेकिन बाद में उन्हें जमानत मिल गई।

## सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं, हॉलीवुड में भी थे एक जाना-पहचाना चेहरा

# बाल कलाकार के रूप में कॅरियर शुरू कर फिल्मों में चमके थे शशि कपूर

*नई दिल्ली। शशि कपूर अपने जमाने में बॉलीवुड के सुपरस्टार थे। अपनी अदाकारी से वह फिल्मों में जान डाल देते थे। उन्होंने देश-विदेश में अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया था और इंडस्ट्री में अलग पहचान बनाई। जब शशि कपूर ने इस दुनिया को अलविदा कहा, तब हिंदी सिनेमा को बहुत बड़ा झटका लगा था। आज भी उनकी फिल्में और डायलॉग लोगों के दिलों में जिंदा हैं। मंगलवार को अभिनेता की 87वीं जयंती थी।*



**परिवार :** शशि कपूर हिंदी सिनेमा के सबसे पहले और सबसे बड़े परिवार 'कपूर खानदान' की दूसरी पीढ़ी का हिस्सा थे। शशि कपूर के निधन के साथ ही पृथ्वीराज कपूर के परिवार की दूसरी पीढ़ी का अंत हो गया, क्योंकि शशि पृथ्वीराज कपूर के सबसे छोटे बेटे थे। उन्होंने मशहूर अभिनेत्री जेनिफर केंडल से शादी की। इस शादी से उन्हें तीन बच्चे कुणाल कपूर, करण कपूर और संजना कपूर पैदा हुए। कुणाल कपूर ने शीना सिप्पी से शादी की। शीना मशहूर फिल्म निर्माता-निर्देशक रमेश सिप्पी की बेटी हैं। उन्होंने अपने बेटे का नाम सिनेमा में कपूर खानदान की नींव रखने वाले पृथ्वीराज कपूर के नाम पर रखा, जहान पृथ्वीराज कपूर है। उनकी बेटी का नाम सायरा है। शशि कपूर के दूसरे बेटे करण कपूर ने लोरना से शादी की और जाक कपूर और आलिया कपूर नाम के उनके दो बच्चे हैं। शशि कपूर की तीसरी संतान संजना कपूर ने दो शादियां कीं। पहली शादी उन्होंने निर्माता-अभिनेता आदित्य भट्टाचार्य से की। दूसरी शादी उनकी वाल्मीक थापर से हुई, इस शादी से उन्हें एक बेटा हमीर थापर है।

### बॉलीवुड से हॉलीवुड तक का सफर

शशि कपूर ने दीवार, कभी-कभी, नमक हलाल, सत्यम शिवम सुंदरम, शर्मीली और शान जैसी कुछ ब्लॉकबस्टर फिल्मों से दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। शशि कपूर उन चंद बॉलीवुड अभिनेताओं में से एक थे, जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय सिनेमा में सफलतापूर्वक कदम रखा। उन्होंने 12 अंग्रेजी भाषा की फिल्मों में काम किया। उन्होंने मर्चेंट-आइवरी प्रोडक्शंस के साथ बड़े पैमाने पर सहयोग किया, जिसमें द हाउसहोल्डर, शेक्सपियर वाला, बॉम्बे टॉकी, हीट एंड डस्ट जैसी प्रशंसित फिल्मों में अभिनय किया। शशि कपूर की लोकप्रियता सिर्फ बॉलीवुड तक ही सीमित नहीं थी, वे हॉलीवुड में भी एक जाना-पहचाना चेहरा थे।

### कॅरियर

शशि कपूर अपने कॅरियर की शुरुआत एक बाल कलाकार के रूप में की थी। उन्होंने अपने पिता पृथ्वीराज कपूर द्वारा निर्देशित और निर्मित नाटकों में अभिनय किया और बाद में 1940 के दशक के अंत में शशिराज के नाम से बाल कलाकार के रूप में शुरुआत की। बाल कलाकार के रूप में उनकी सबसे प्रसिद्ध भूमिकाएं आग (1948) और आवारा (1951) में थीं, जहां उन्होंने अपने बड़े भाई राज कपूर द्वारा निभाए गए किरदारों की युवा भूमिकाएं निभाई थीं।

***प्रोडक्शन हाउस :*** *शशि कपूर ने 1970 के दशक के अंत में फिल्म वालास नाम से अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस स्थापित किया। इस बैनर के जरिए उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में बनाईं, जो कमर्शियल बॉलीवुड मसाला फिल्मों के बजाय सार्थक और ऑफबीट सिनेमा पर केंद्रित थीं। फिल्म वालास के तहत निर्मित कुछ बेहतरीन फिल्मों में जुनून, कलयुग, विजेता, 36 चौरंगी लेन और उत्सव शामिल हैं।*

***उपलब्धियां :*** *2011 में शशि कपूर को कला-सिनेमा में उनके योगदान के लिए भारत सरकार द्वारा पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। 2015 में उन्हें 2014 दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया, जिससे वे पृथ्वीराज कपूर और राज कपूर के बाद भारतीय सिनेमा में सर्वोच्च पुरस्कार प्राप्त करने वाले अपने परिवार के तीसरे सदस्य बन गए।*

## खबर संक्षेप



### जिलाध्यक्ष सैनी का स्वागत किया

**नारनौंद।** जिला हिसार के पूर्व अध्यक्ष अशोक सैनी को हांसी का नया अध्यक्ष बनाया गया है। वरिष्ठ भाजपा नेता बिजेंद्र लोहान ने सैनी को बुक्का भेंटकर उनकी नियुक्ति स्वागत किया। लोहान ने कहा कि उनकी नियुक्ति से पार्टी को इस क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष शमशेर सैनी, चांदी मान, मनीष भट्ट, पार्षद संदीप लोहान, जयपाल कोहाड़ दर्शन इत्यादि विशेष तौर पर मौजूद थे।

### भाजपा नेता सैनी ने बजट को सराहा

**हिसार।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रतन सैनी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में पेश किए गए प्रथम बजट को विकासशील हरियाणा और विकसित भारत 2047 के विजन का आधार बताया है। भाजपा नेता रतन सैनी ने बताया कि बजट में सभी वर्गों के उत्थान के लिए है और यह गरीबों, किसानों, महिलाओं व युवाओं के भविष्य की रूपरेखा भी तय करेगा। उन्होंने कहा कि यह बिना नए कर वाला बजट है।

### गुजवि में कार्यशाला कल से शुरू होगी

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड डेटा साइंस विभाग द्वारा 'डेटा एनालिटिक्स विथ पायथनः अनलॉकिंग द पावर ऑफ डेटा' पर 20 मार्च से पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। कार्यशाला में पायथन की मदद से डेटा एनालिटिक्स और डेटा विजुअलाइजेशन सिखाया जाएगा।

### खेल दिवस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**हिसार।** आईडीडीएवी पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से दूसरी के बच्चों के लिए खेल दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत डीएवी गान व खेल ध्वज फहराने के साथ हुई। इसके बाद बच्चों ने मार्च पास्ट कर अपनी खेल भावना का परिचय दिया। स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन के संदेश के साथ खेल की शुरूआत हुई, जिसमें नर्सरी से कक्षा दूसरी तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### प्रदेश को मजबूती प्रदान करेगा बजट : अग्रवाल

**हिसार।** सजग के प्रदेश अध्यक्ष सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि बजट सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और अब सबका प्रयास के दृष्टिकोण से तैयार किया गया हरियाणा का बजट प्रदेश को आर्थिक, सामाजिक और बुनियादी ढांचे के स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि बजट में शामिल योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जाता है, तो प्रदेश को विकसित होते राज्यों की श्रेणी में लाने में सहायक होगा।

---

### हकृवि के कृषि मेले का समापन, किसानों ने खरीदे लाखों के बीज व जैव उर्वरक

# राजस्थान, पंजाब, हिमाचल सहित कई राज्यों से कृषि मेले में पहुंचे 83000 से अधिक किसान

### हकृवि के उन्नत बीजों की हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी मांग: प्रो. जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल मुख्य अतिथि रहे। दो दिवसीय मेले में हरियाणा, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के करीब 83000 से अधिक किसानों ने भाग लिया।

लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल ने कहा कि किसान फसल उगाने तक सीमित न रहकर कृषि को व्यवसाय के रूप में अपनाएं। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में उद्यमिता का विशेष महत्व है। उद्यमिता को बढ़ावा देने से आर्थिक विकास को गति मिलेगी और इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। उन्होंने कहा कि एचएयू एवं लुवास के वैज्ञानिकों द्वारा किए जा रहे शोध कार्यों का लाभ किसानों तक शीघ्र पहुंचे ताकि वे लाभांवित हो सके। उन्होंने कहा कि हकृवि द्वारा इजाद की गई नई किस्में अधिक पैदावार देने वाली व गुणवत्तापूर्ण है जिसके कारण इनके उन्नत बीजों की हरियाणा सहित अन्य राज्यों में भी मांग है।



**हिसार।** प्रथम स्थान पाने पर एबिक बेकरी स्टॉल के प्रतिनिधि राजेंद्र कुमार को सम्मानित करते लुवास के कुलपति प्रो. नरेश जिंदल।

#### मेले में 43 लाख के बिके खरीफ फसलों के बीज

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि मेले में किसानों ने करीब 43.06 लाख रुपये के खरीफ फसलों व सब्जियों की उन्नत व सिफारिशशुदा किस्मों के प्रमाणित बीज तथा करीब 3 लाख 50 हजार रुपये के फलदार पौधे व सब्जियों के बीज खरीदें। बीज के अलावा किसानों ने 12580 रुपये के जैव उर्वरक तथा 45 हजार रुपये का कृषि साहित्य भी खरीदा। कृषि मेले में मिट्टी व पानी जांच सेवा का लाभ उठाते हुए मिट्टी व पानी के 372 नमूनों की जांच करवाई गई। संयुक्त निदेशक विस्तार डॉ. कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि मेले में लगाई गई कृषि-औद्योगिक प्रदर्शनी किसानों के आकर्षण का विशेष केन्द्र रही।


**हिसार।** कृषि मेले का भ्रमण करने पहुंचे विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने किया हकृवि के कृषि मेले का भ्रमण

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियों ने चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में आयोजित कृषि मेले का भ्रमण किया। कृषि मेले में शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रेनू राठी ने विद्यार्थियों के लिए एक्सपीरिएंशल लर्निंग के तहत करवाया। उन्होंने बताया की वाणिज्य विभाग समय-समय पर विद्यार्थियों के लिये ऐसे शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन करवाता रहता है। इससे विद्यार्थियों को रोजगार के नए अवसरों के बारे में जानने का मौका मिला। विद्यार्थियों ने डॉ अजय, मानसी व स्मृति के नेतृत्व में कृषि मेले में विभिन्न प्रकार के रूरल मार्केटिंग व एंटरप्रेन्योरशिप के तकनीकी गुणों को सीखा।

#### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों को किया गया सम्मानित

स्टॉलों में से सीड ग्रुप में शक्तिवर्धक प्रथम, आईएफएसए सीड्स/समग सीड्स द्वितीय तथा अंकुर सीड्स/श्रीराम बायोसीड्स जेनेटिक्स तृतीय स्थान पर रहे। इन्सेक्टिसाइडस व पेस्टीसाइडस ग्रुप में क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन प्रथम, बायर क्रॉप सांइस द्वितीय व टैकोवेट फार्मा तृतीय स्थान पर रहे। फर्टिलाइजर ग्रुप में यारा फर्टिलाइजर, इफको हिसार व डीसीएम श्रीराम फर्टिलाइजर क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। मशीनरी व ट्रेक्टर ग्रुप में करतार ट्रेक्टरस/रेनबो बाथ, गुरूकृपा मैकेनिकल वर्कस व परम एग्रो इंडस्ट्रीज/डू सरदार एग्री वर्कस क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। प्रगतिशील किसान समूह में सुभाष कंबोज/एबिक बेकरी, देसी बीज बैंक बढवासनी तथा रंजीत व जगत कक्कड़ क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के जेनेटिक्स एंड प्लांट ब्रीडिंग विभाग, कोम्युनिटी साइंस तथा एग्री टूरिजम/एबिक स्टार्टअप को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिले।

---

## हांसी-तोशाम रोड के निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च होंगे: विधायक

- विनोद भयाना ने विधानसभा सत्र में उठाई आवाज


**हांसी।** विधानसभा सत्र में अपनी बात रखते विधायक विनोद भयाना

**हांसी।** विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हांसी-तोशाम सड़क का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाया जाएगा। इस सड़क की चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी। भयाना ने बताया कि हांसी-तोशाम रोड़ के निर्माण कार्य को लेकर अगले 15 दिनों के अंदर टेंडर जारी हो जाएगा। इस विकास परियोजना पर करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च आएगी। उन्होंने बताया कि इस सड़क की चौड़ाई भी बढ़ाई जाएगी ताकि लोगों को सुगम व सुरक्षित यातायात की सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पिछले लंबे समय से लोग सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। अब बहुत ही जल्द लोगों की यह मांग भी पूरी होने जा रही है। गौरतलब रहे कि लोगों की मांग के अनुरूप विधायक विनोद भयाना भी हांसी-तोशाम सड़क के निर्माण को लेकर लगातार प्रयास कर रहे थे। आखिरकार उनके प्रयास रंग लाए। विधायक ने इस सड़क के निर्माण को लेकर मंगलवार को विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्न पूछा था। प्रति उत्तर में लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा ने बताया कि इस सड़क परियोजना के निर्माण को लेकर प्रशासनिक मंजूरी प्रदान की जा चुकी है।

## फिजियोथेरेपिस्ट नरेश जांगड़ा को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित


नरेश जांगड़ा।

**हिसार।** मिलगेट स्थित फिजियोथेरेपिस्ट नरेश जांगड़ा का नाम लदंन बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड में नाम दर्ज किया है। उन्होंने प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया है। सर्वोदय अस्पताल के चिकित्सक डॉ. उमेश कालडा व डॉ. सरिता कालडा ने अनाज मंडी स्थित भूमि आश्रम में प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया है। नरेश जांगडा ने सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों में कैंप लगाकर मरीजों की जांच करके अनेक लोगों का इलाज कर चुके हैं। नरेश जांगडा अनाजमंडी स्थित भूमि आश्रम में रह रहे जरूरतमंद लोगों का निशुल्क इलाज करते है वही मंदबुद्धि स्कूल में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल भी करते हैं।

---

## बीएमएस ने पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- ईपीएफओ द्वारा पेंशन बढ़ाने सहित कई मांग उठाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय मजदूर संघ के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा लिए गए फैसले के अनुसार भारतीय मजदूर संघ जिला हिसार ने अपनी मांगों को लेकर उपायुक्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। इससे पूर्व संगठन कार्यकर्ता क्रांतिमान पार्क में एकत्रित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष रोहतास ग्रोवर ने की तथा मंच संचालन जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने किया। इस दौरान भारतीय मजदूर संघ के प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना और विभाग प्रमुख सुनील ढिल्लों विशेष रूप से उपस्थित रहे। जिला मंत्री विक्रम श्योराण ने बताया कि प्रधानमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में ईपीएफओ द्वारा सेवानिवृत कर्मचारियों की पेंशन 5000 रुपए करने, ईपीएफ की लिमिट 15 हजार से बढ़ाकर 30 हजार करने, स्कीम वर्करों को कर्मचारी का दर्जा देकर सम्मानजनक वेतन देने, केंद्रीय योजनाओं के तहत मजदूरों के लिए बजट को बढ़ाने सहित कर्मचारियों और मजदूरों की अन्य मांगों को उठाया गया है। उन्होंने बताया कि उपायुक्त द्वारा डिप्टी डायरेक्टर कृषि विभाग राजबीर को ज्ञापन लेने के लिए भेजा गया, जिसको संगठन द्वारा ज्ञापन सौंपा गया।


**हिसार।** कृषि उपनिदेशक को ज्ञापन सौंपते भारतीय मजदूर संघ पदाधिकारी।

## बिजली पेंशनर्स सम्मान समारोह 23 को

**हांसी।** हरियाणा बिजली पेंशनर्स एसोसिएशन हांसी युनिट का 7वां सम्मान समारोह 23 मार्च को जींद चौक स्थित सैनी धर्मशाला में आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन सचिव चंद्रभान सैनी ने बताया कि समारोह में विधायक विनोद भयाना मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता राज्य महासचिव धर्म सिंह भारद्वाज करेंगे। सम्मान समारोह में हांसी, हिसार, सफीदों, जींद, भिवानी यूनिटों के प्रधान व सचिव तथा केन्द्रीय कमेटी के नेता भाग लेंगे। यूनिट कार्यकारिणी के अनुसार समारोह में 50 वरिष्ठ रिटायर्ड बिजली कर्मचारियों व उनकी पत्नियों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर यूनिट प्रधान सतबीर सिंह पंघाल, चन्द्रभान सैनी सचिव, केके महता मौजूद रहे।

## मलिक टोयोटा ने टोहाना में रुरल आउटलेट खोला

- नए शोरूम से टोहाना व आसपास के ग्राहकों को टोयोटा की बेहतरीन सर्विस मिलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

मलिक टोयोटा ने अपने ग्राहकों को बेहतर सेवा प्रदान करने के लिए और अपने नेटवर्क को बढ़ाते हुए मंगलवार को टोहाना शहर में रतिया रोड पर नए रुरल आउटलेट का उद्घाटन किया। इस नए शोरूम से टोहाना व आसपास के ग्राहकों को टोयोटा की बेहतरीन सेल्स, सर्विस व यूज़्ड कार की सेवाएं मिलेंगी।

नए आउट्लेट के शुभारंभ के उपलक्ष्य पर मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक ने बताया कि टोयोटा एक विश्वसनीय ब्रांड है जो सदा अपने ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करने के लिए तत्पर रहता है। टोयोटा ब्रांड की बढ़ती हुई लोकप्रियता व गाड़ियों की बढ़ती हुई डिमांड को ध्यान में रखते हुए इस नए आउटलेट का उद्घाटन किया गया है। मलिक ग्रुप की शुरुआत वर्ष 1966 में हुई थी, जिसका एक अहम भाग मलिक टोयोटा है। मलिक टोयोटा की शुरुआत वर्ष 2011 में हिसार शहर से हुई थी। हिसार के साथ साथ आज हांसी, टोहाना, फतेहाबाद, सिरसा व डबवाली में भी अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। इस नए आउटलेट के खुलने के बाद अब टोहाना व आसपास के ग्राहकों को अपनी टोयोटा कार सर्विस करवाने के लिए हिसार या फतेहाबाद नहीं जाना पड़ेगा।


**हिसार।** नए आउडलेट के उद्घाटन अवसर पर मलिक टोयोटा के प्रबंध निदेशक अक्षय मलिक व अन्य। फोटो : हरिभूमि

---

## फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में 7 दिवसीय शिविर का शुभारंभ



**हिसार।** एनएसएस शिविर के शुभारंभ अवसर पर उपस्थित अतिथिगण।

**हिसार।** फतेहचन्द महिला महाविद्यालय में एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने दीप प्रज्वलन के द्वारा किया। प्राचार्या डॉ. सहरावत ने छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है और साथ ही समाज सेवा के गुण भी उत्पन्न होते हैं। शिविर में योग शिक्षिका रीना कुमारी द्वारा छात्राओं को प्राणायाम एवं सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसनों का प्रशिक्षण दिया गया। मोटिवेशनल स्पीकर सुरेश कुमार ने छात्राओं को आत्म विश्वास का महत्व पर व्याख्यान दिया। इस मौके पार एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी आर्या एवं अल्पना गुप्ता भी उपस्थित रहीं।

## जंक फूड बढ़ा रहा बीमारियां : डॉ. भयाना

- बच्चों में बढ़ती बीमारियों को लेकर जागरूकता सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नारायणी वेलफेयर सोसायटी द्वारा सोनाक्षी हॉस्पिटल के सहयोग से आजकल बच्चों में बढ़ती बीमारियों को लेकर जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ. हर्ष भयाना ने बताया कि आजकल बच्चों में बीमारियां बढ़ने का मुख्य कारण जंक फूड का अधिक सेवन व स्क्रीन टाइम का बढ़ना है। उन्होंने इस सेमिनार में बच्चों से इन बीमारियों से बचाने के लिए सुझाव भी साझा किए गए। संस्थापिका अध्यक्ष डॉ. गुंजन गोयल ने बताया कि संस्था महिला उत्थान व बाल कल्याण को लेकर कार्य कर रही है। मंच संचालन सौरभ ठकराल ने किया। इस अवसर पर डॉ. पूजा भयाना, तनु, आस्था, सलोनी, श्रुति भयाना, अनिता जैन, अनिता महिपाल, अनिता गेरा, प्रतिभा सिंह, उषा शर्मा, रीना गुप्ता, मिनाक्षी, ऋतु, निलेश राठौड़, मोनिका, शालू, पुष्पा चौहान, निशा शर्मा, कमल भाटिया, कैलाश, कविता मोर, नीलम गोयल, नीलम भुटानी, नेहा कामरा, श्रेया, संगीता सिंह, संजना सोनी आदि मौजूद रही।



**हिसार।** कार्यक्रम में उपस्थित सोसायटी के पदाधिकारी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## स्कूली छात्रा सानवी को मिला शौर्य शक्ति सम्मान

- एमएम इंटरनेशनल स्कूल में आठवीं कक्षा की छात्रा है सानवी


**हांसी।** शौर्य शक्ति सम्मान प्रमाणपत्र दिखाती स्कूल छात्रा सानवी।

**हांसी।** एमएम इंटरनेशनल स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा सानवी को सृजनाभिनंदनम् व अलंकरण उत्सव 2025 में शौर्य शक्ति सम्मान से नवाजा गया। साहित्य, सिनेमा, कला और रंगमंच को समर्पित यह उत्सव गांधी शांति प्रतिष्ठान, नई दिल्ली में आयोजित किया गया। सानवी को यह सम्मान उसकी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धियां प्राप्त करने पर दिया गया है। कम उम्र में एशिया व इंडिया बुक में रिकॉर्ड बनाने के साथ-साथ अन्य उपलब्धियां भी सानवी ने हासिल की हैं। आठवीं कक्षा की छात्रा सानवी को जिला प्रशासन हिसार भी स्वतंत्रता दिवस पर कृषि मंत्री जे पी दलाल द्वारा उसकी उपाधियों पर सम्मानित करवा चुका है। शौर्य शक्ति सम्मान उन्हें डॉ.संजीव पटजोशी डीजीपी, डॉ.दीपक पांडेय, सहायक निदेशक केंद्रीय हिंदी निदेशालय शिक्षा मंत्रालय की उपस्थिति में प्रदान किया गया।

---

## बजट पूरी तरह कर्मचारियों के लिए निराशा पूर्ण : प्रदीप बुधवार


**हिसार।** मीटिंग में बजट को लेकर चर्चा करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** बिजली कर्मचारियों की मीटिंग मंगलवार को डिवीजन नंबर 2 में हुई। इसकी अध्यक्षता पावर यूटिलिटी लेखा संघ के राज्य प्रधान प्रदीप बुधवार ने की व मंच का संचालन एसएसबी वर्कर यूनियन के प्रदेश सचिव प्रदीप लोरा ने की। संबोधित करते हुए बुधवार ने कहा कि सरकार का बजट कर्मचारियों के लिए पूर्ण तरह से निराशाजनक रहा है। कर्मचारियों को सरकार से पुरानी पेंशन की उम्मीद थी जो सरकार ने नहीं लागू की कर्मचारियों को अंतरिम राहत नहीं दी। बजट में सरकार न ही कर्मचारियों की मेडिकल कैशलेस सुविधा लागू की और न ही सरकार ने नए रोजगार देने की बात की। इसके चलते कर्मचारियों में रोष है। इस मौके पर प्रवीण सहरोवा, बिसंभर, सुरेंद्र राजली आदि मौजूद रहे।


**उपलब्धि** 365 लगातार हाफ मैराथन और 82 फुल मैराथन से रचा इतिहास

*हर दिन 42.2 किमी से अधिक की दूरी तय*

# हिसार के लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा का अद्वितीय कारनामा, लगातार दूसरा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारतीय नौसेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा ने मानसिक और शारीरिक क्षमता की नई मिसाल कायम करते हुए 365 लगातार हाफ मैराथन (7,700 किमी) पूरी कर दूसरा गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने 18 मार्च 2024 से 17 मार्च 2025 तक हर दिन 21.1 किमी की दौड़ लगाकर असाधारण धैर्य और अनुशासन का परिचय दिया। उनके नाम पहले से ही 82 दिन लगातार फुल मैराथन (42.2 किमी) का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड (30 अक्टूबर 2022 से 19 जनवरी 2023 तक) दर्ज है। उनका यह सफर साबित करता है कि इच्छाशक्ति और समर्पण से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। अब लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा एक नए लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं और वह है भारत को दौड़ते हुए पार करना। इसमें वे हर दिन 42.2 किमी से अधिक की दूरी तय करेंगे। यह केवल शारीरिक क्षमता की परीक्षा नहीं होगी, बल्कि पूरे देश में फिटनेस और अनुशासन का संदेश फैलाने का एक महाअभियान होगा।



लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा।

#### गांव से लेकर नौसेना तक का प्रेरणादायक सफर

देवदत्त शर्मा की कहानी संघर्ष और दृढ़ संकल्प की मिसाल है। वे हिसार जिले के खरबला गांव से हैं। बचपन में ही पिता का साया उठ गया, लेकिन कठिनाइयों ने उन्हें और मजबूत बनाया। गांव के सरकारी स्कूल से पढ़ाई पूरी करने के बाद उनके चाचा ने उन्हें भारतीय नौसेना में अधिकारी बनने के लिए प्रेरित किया। आज वे माउंटेनियर, आयरनमैन, योग ट्रेनर, मोटिवेशनल स्पीकर और गोताखोरी विशेषज्ञ के रूप में जाने जाते हैं। उनका जीवन इस बात का प्रमाण है कि अगर संकल्प और अनुशासन हो तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

#### अपना उजाला खुद बनना होगा: शर्मा

लेफ्टिनेंट कमांडर शर्मा बताते है कि जब भी वे गांव जाते हैं, तो हमेशा स्कूलों का दौरा करते हैं और युवाओं को फोकस्ड रहने के लिए प्रेरित करते हैं। उनका संदेश साफ़ है कि युवा अपने लक्ष्य पर उसी तरह ध्यान केंद्रित करें जैसे लेजर लाइट करती है। जीवन में सफलता पानी है तो अपनी रोशनी खुद बननी होगी, दूसरों पर निर्भर रहकर कुछ नहीं मिलेगा। हर व्यक्ति को एक दिनचर्या बनानी चाहिए और उसी के तहत काम करना चाहिए। बिना अनुशासन के संकल्प शक्ति नहीं आ सकती और बिना संकल्प शक्ति के, कोई भी व्यक्ति अपने सपनों को साकार नहीं कर सकता।

#### बढ़ते मानसिक दबाव से हो रही बीमारियां

लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा के अनुसार आज का समाज बढ़ते मानसिक दबाव और जहरीले खानपान की वजह से गंभीर बीमारियों की चपेट में आ रहा है। हमारे आसपास जो लाइफ स्टाइल विकसित हो रही है, वह धीरे-धीरे स्वास्थ्य के लिए जहर बनती जा रही है। अगर समय रहते इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो अगले 15-20 सालों में हर घर में एक कैंसर का मरीज होगा। लेफ्टिनेंट कमांडर देवदत्त शर्मा का युवाओं के लिए स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि खासतौर पर युवा हर दिन एक घंटे का समय अपने शरीर को दें।

## खबर संक्षेप

### युवक 7.84 ग्राम हेरोइन सहित काबू

**सिरसा।** सीआईए ऐलनाबाद पुलिस ने गश्त व चेकिंग के दौरान नहर कॉलोनी सिरसा क्षेत्र से एक युवक को 7 ग्राम 84 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए ऐलनाबाद प्रभारी जगदीश चंद्र ने बताया कि थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सिरसा में नहर कॉलोनी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी को सामने से एक युवक आता दिखाई दिया।

### युवक हजारों की सट्टाराशि सहित पकड़ा

**सिरसा।** डिंग थाना पुलिस ने गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए एक युवक को 10300 रुपए की सट्टाराशि के साथ काबू किया है। डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर भीम सिंह ने बताया कि डिंग थाना की एक पुलिस टीम गश्त व चैकिंग के दौरान डिंग मंडी क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस पार्टी ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक जगह पर सट्टा खाईवाली करते हुए एक युवक को 10300 रुपए की सट्टाराशि के साथ काबू कर लिया।

### टैंट का सामान चोरी करने का आरोपी काबू

**सिरसा।** रानियां थाना पुलिस ने गोदाम से टैंट का सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले युवक को काबू किया है। रानियां प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए युवक की पहचान जसदेव सिंह पुत्र दर्शन सिंह निवासी ढाणी सतनाम सिंह जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### ट्यूबवेल का सामान चोरी करने का आरोपी काबू

**सिरसा।** सदर थाना पुलिस ने गांव फरवाई कलां क्षेत्र से खेत में बने मकान से ट्यूबवेल का सामान चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले आरोपी को काबू किया है। सदर थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान विक्रम सिंह पुत्र मांगे राम निवासी फरवाई कलां जिला सिरसा के रुप में हुई है।

### शहीदी दिवस पर नाटक मेले 22 को

**ओढां।** अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सिंह के 95वें शहीदी दिवस को समर्पित 8वां नाटक मेला 22 मार्च शाम को गांव चोरमार खेड़ा की चौपाल में ग्राम पंचायत दशमेश युवा क्लब व गांववासियों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। मास्टर शमशेर सिंह ने बताया कि इस नाटक मेले में जनपक्षीय नाटककार इकतर सिंह नाटक टीम द्वारा इंकलाब, मिट्टी रुदन करे और यह लहू किसका है पर नाटक व कोरियोग्राफी की जाएगी।

### स्टोर से हजारों का सामान चोरी

**सिरसा।** सिविल लाइन सिरसा पुलिस ने ललित शर्मा पुत्र सुभाष शर्मा निवासी गांव गुडियाखेड़ा की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। उसने बताया कि वह हुडा सेक्टर-19 में बने फ्लैटों पर एचकेआरएन के तहत चौकीदार नियुक्त है।

### ऑनलाइन आर्डर किया हुक्का, निकला साबुन

**सिरसा।** ओढां पुलिस ने गांव नुहियांवाली निवासी सुग्रीव पुत्र राजेश कुमार की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में सुग्रीव ने बताया कि उसने 7 मार्च को इंस्टाग्राम पर हुक्के का विज्ञापन देखा। जिसे क्लिक करने पर एक पोर्टल खुला। जिस पर उसने अपने भाई के लिए एक हुक्का आर्डर किया। इस हुक्के की 1299 रुपये की कीमत भी ऑनलाइन अदा कर दी। उसने बताया कि 11 मार्च को उसे एक पार्सल मिला, जिसे खोलते समय उसने इसकी वीडियोग्राफी की। उसने बताया कि जब पार्सल खोला तो उसमें से दो साबुन की टिकियां मिली। उसने मामले की शिकायत टोल फ्री नंबर पर की।

## सरपंचों ने हुडा चौकी में किया जमकर हंगामा

# गांव भिरड़ाना के सरपंच प्रतिनिधि का काटा चालान, डंडों से पीटा

### सरपंच प्रतिनिधि ने पुलिस कर्मचारियों को कानून का पाठ पढ़ाया तो दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** हुडा चौकी में पत्रकारों से बातचीत करते सरपंच, पिटाई के निशान दिखाते सरपंच प्रतिनिधि व पुलिस कर्मचारी।

गांव भिरडाना के सरपंच प्रतिनिधि की गाड़ी का चालान करने को लेकर मंगलवार को यहां हंगामा हो गया। सरपंच प्रतिनिधि ने पुलिस कर्मचारियों को कानून का पाठ पढ़ाया तो दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। आरोप है कि इस बहस में वहां पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने सरपंच प्रतिनिधि के अलावा उसके साथ सवार पंच व मनरेगा मेट के साथ मारपीट की और इन सभी को लेकर हुडा चौकी में आ गए। मामला इतना बढ़ा गया कि आसपास के कई गांवों के सरपंच हुडा चौकी में इक_ा हो गए और सरपंच पति के साथ हुई घटना पर रोष जताया। वहीं इस बारे जानकारी मिलने पर डीएसपी जयपाल सिंह मौके पर पहुंचे और सरपंचों से बातचीत की। मिली जानकारी के अनुसार गांव भिरडाना के सरपंच प्रतिनिधि जसविंद्र उर्फ जस्सी अपने गाड़ी में सवार होकर फतेहाबाद में बीडीपीओ कार्यालय में आ रहे थे। इसी दौरान उसके साथ पंच राजेंद्र व एक मनरेगा मेट लवप्रीत भी था। पुलिस ने भूना रोड के पास नाकाबंदी कर वाहनों के चालान कर रही थी। इसी दौरान सरपंच की गाड़ी रूकवा ली। सरपंच प्रतिनिधि ने सीट बेल्ट नहीं लगा रखी थी। ऐसे में पुलिस ने चालान काट दिया। इस दौरान पुलिस कर्मचारी व सरपंच प्रतिनिधि के बीच बहस हो गई। सरपंच प्रतिनिधि जसविंद्र उर्फ जस्सी का आरोप इसी दौरान वहां पर मौजूद पुलिस कर्मचारियों ने पीटना शुरू कर दिया। गाड़ी में सवार पंच व मनरेगा मेट की भी पिटाई की। आरोप है कि पुलिस ने सरपंच को हिरासत में लेकर हुडा चौकी में लेकर आ गए। मामले की सूचना आसपास के सरपंचों को मिली तो चौकी का घेराव कर दिया। सरपंच प्रतिनिधि ने मारपीट के निशान भी मीडिया को दिखाए। दूसरी ओर पंच राजेंद्र ने बताया कि उसके भी हाथ के अंगूठे में चोट आई है। मनरेगा मेट लवप्रीत ने भी चोटें मारने के आरोप लगाए हैं। वहीं, अन्य गांवों से आए सरपंचों ने कहा कि यह कोई आतंकवादी है क्या। क्या यह पाकिस्तान से मुजरिम आए हैं। पुलिस गांवों में जाती है, तो सबसे पहले सरपंच का सहयोग मांगते हैं। एक जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार बिल्कुल उचित नहीं है।

#### घायल सरपंच को अस्पताल में भर्ती करवाया

वहीं घटना के बाद डीएसपी जयपाल सिंह मौके पर पहुंच गए। लेकिन सरपंच नहीं माने। जसविंद्र जस्सी ने आरोप लगाया कि गाड़ी में डेढ़ लाख रुपये की नकदी, दो सोने की चेन आदि भी थी। अगर गायब होती है तो पुलिस की जिम्मेदारी होगी। घायल सरपंच को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। बता दें कि भिरड़ाना गांव 20 हजार से अधिक आबादी वाला गांव है। यहां 9500 से अधिक मतदाता है। भिरड़ाना रतिया विधानसभा क्षेत्र का सबसे बड़ा गांव है। यहां से जसविंदर जस्सी की पत्नी परमजीत कौर सरपंच हैं।

## टुटेजा के भजनों पर थिरके श्यामभक्त

- सरदाना परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** भजनों की अमृतवर्षा करते भारत टुटेजा। *फोटो: हरिभूमि*

गुरुकृपा मंडल द्वारा फाल्गुन उत्सव को लेकर आयोजित किए जा रहे सत्संग की कड़ी में आज का सत्संग लाजपत नगर निवासी रीटा सरदाना के निवास में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में सरदाना परिवार ने ज्योति प्रचंड करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद भारत टुटेजा ने गणेश वंदना, गुरु वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। उसके बाद ममता तनेजा ने 'सवारियां ले चल परली पार, राधे राधे बोल रे मनवा' के साथ श्याम नाम की महिमा का गुणगान किया। उसके बाद सुनील मदान ने 'श्याम बाबा के भजनों का गुणगान किया और माहौल को भक्तिमय बा दिया। टी सीरिज कलाकार भारत टुटेजा ने 'बिन पिये नशा हो जाता है, आशा रख पगली वो आयेगे, मेरी चूनर पे पढ़ गयो दाग री, होली है आज बृज में होली है, बरसाना जाना है, मस्तों की मस्ती बरसाना मेरा गांव है आदि सुंदर भजनों से सभी को नाचने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में श्याम भक्तों ने भजनों का खूब आनंद लिया। बाबा श्याम का दरबार देखने योग्य था।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर ज्योति जुनेजा, ममता तनेजा, रजत मेहता, खुशी सचदेवा, वीना गिल्होत्रा, करण, कविता, ममता मेहता, चारू, मीनू भूटानी, रजनी, राखी, नीरू, पूनम, रमेश मेहता आदि भक्तजन मौजूद थे। कार्यक्रम के बाद बाबा श्याम की आरती की गई और उसके बाद लंगर प्रसाद का आयोजन किया गया।




## महिला व बच्चे की जान बचाने वाले सरपंच और बिजली यूनियन के प्रधान को किया सम्मानित

**चोपटा।** नहर में डूब रही महिला व उसके बच्चे की जान बचाने को लेकर गांव अरनियांवाली स्थित स्वामी विवेकानंद स्कूल अरनियांवाली में गांव के कृष्ण कुमार खोथ व श्यामलाल खोड को सम्मानित किया गया है। संस्था के अध्यक्ष निहाल सिंह खोथ ने बताया कि गांव अरनियांवाली के मौजूदा सरपंच कृष्ण कुमार खोथ व बिजली यूनियन के प्रधान श्यामलाल खोड ने 16 मार्च को महिला व बच्चे की राजकनाल नहर में कूदकर जान बचाई थी। ऐलनाबाद के विधायक भरत सिंह बैनीवाल के साथ हनुमानगढ़ से आ रहे थे। इसी दौरान टिब्बी के पास रास्ते में राजकनाल के पुल पर इन्होंने एक महिला व बच्चे को नहर में छलांग लगाते हुए देखा। इसके बाद एमएलए भरत सिंह बैनीवाल ने तुरंत अपनी गाड़ी रूकवाई। इसके बाद श्यामलाल खोड व सरपंच कृष्ण खोथ बिना सोचे समझे बहादुरी का परिचय देते हुए नहर में कूद गए। मां-बेटे की आवाज सुनकर दोनों ने अपनी जान जोखिम में डालकर उनको सकुशल बाहर निकाल लिया।

## एसडीएम ने राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**रतिया।** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम सुरेश कुमार ने लघु सचिवालय स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों और उनके सहयोगियों की बैठक लेकर उनसे सुझाव मांगे गए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में चुनाव प्रणाली को और सरल व पारदर्शी बनाने के लिए चुनाव आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों से सुझाव मांगे गए हैं। बैठक में एसडीएम सुरेश कुमार ने राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा की और उनकी समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की ओर से कुछ सुझाव दिए गए है, इसको जल्द ही उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा जाएगा।

## अहरवां के राजकीय विद्यालय में मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन



**फतेहाबाद।** गांव अहरवां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आज छात्र-छात्राओं में विभिन्न स्किल डेवलपमेंट के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए मोटिवेशनल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाजसेवी जनक अटवाल ने शिरकत की और अध्यक्षता प्रधानाचार्य जगदीश गुप्ता ने की। कार्यक्रम के मुख्य स्रोत जमना सिंह चौहान ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि विद्यालय में ब्यूटी एंड वैलनेस, सिलाई कढ़ाई, कम्पयूटर के कोर्स बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ करवाएं जाते है ताकि 12वीं की परीक्षा उतीर्ण के साथ ही उनके पास हाथ का हुनर हो। उससे अपना भविष्य बना सके। मुख्य अतिथि जनक अटवाल ने छात्र-छात्राओं को आह्वान करते हुए कहा कि प्रतियोगिता का युग चल रहा है। ऐसे में अपने सपनों को साकार करने के लिए विभिन्न प्रकार की योग्यताओं को हासिल करना आवश्यक हो गया है। हमें समय के साथ साथ अपडेट होना पड़ेगा, दुनिया की दौड़ में कामयाबी तभी मिलेगी। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने सीखे हुनरों का प्रदर्शन भी किया।

## महिला कॉलेज की छात्राओं ने कबड्डी प्रतियोगिता में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा



**सिरसा।** कबड्डी की छात्राएं प्राचार्य के साथ। *फोटो: हरिभूमि*

राजकीय महिला महाविद्यालय की दो छात्राओं आशदीप कौर बी.ए. द्वितीय वर्ष व यशिका कौर बीए प्रथम वर्ष ने चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए फरीदाबाद में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लिया और बेहतरीन प्रदर्शन किया। महाविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी डॉ. विक्रमजीत सिंह बताया कि फरीदाबाद में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता 10 मार्च 2025 से 13 मार्च 2025 तक आयोजित इंटर-यूनिवर्सिटी स्पोर्ट्स कैंप में चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा की कबड्डी टीम की ओर से भाग लेकर कुल तीन मैचों में जीत दर्ज की। फाइनल मुकाबला महार्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के साथ हुआ जिसमें कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद सीडीएलयू की टीम को उपविजेता का स्थान प्राप्त हुआ। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी सिरसा प्रो. राम कुमार जांगड़ा ने कहा कि हमारी छात्राओं ने अपनी मेहनत, समर्पण और खेल कौशल से कॉलेज और विवि का नाम रोशन किया है।

## बजट सभी वर्गों के उत्थान में मील का पत्थर होगा साबित: मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

भाजपा नेता भूपेश मेहता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा विधानसभा में आगामी 2025-26 के लिए प्रस्तुत किए गए बजट को दूरदर्शिता से प्रदेश के विकास का बजट बताया है। भाजपा नेता भूपेश मेहता ने कहा कि यह बजट सही मायने में सभी वर्गों के लिए समावेशी व प्रदेश को विकसित बनाने का बजट है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश के लगभग सभी जिलों के लिए किसी न किसी रूप में नवीनतम योजनाओं को अमलीजामा पहनाने का खाका गढा है। सिरसा जिले को बागवानी के रूप में कीन्नू के हब के रूप में विकसित करने के साथ-साथ झींगा मछली पालन, डबवाली में संस्कृति मॉडल स्कूल की स्थापना व पन्नीवाला मोटा इंजीनियरिंग कॉलेज को अपडेट करने जैसी घोषणाएं निश्चित तौर पर प्रत्येक सिरसावासी को गौरवान्वित करती हैं।

#### नवीन केडिया ने बजट को पेपर बजट बताया

हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के डेलीगेट नवीन केडिया ने हरियाणा सरकार द्वारा बीते कल पेश किए गए बजट को पेपर बजट और गुमराह करने वाला बताया है, जिसमें मध्यम वर्ग की साफ अनदेखी की गई है। यहां जारी बयान में नवीन केडिया ने कहा कि इस बजट में किसानों, व्यापारियों और मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है। सरकार ने महिला वर्ग को आकर्षित करने के लिए जो प्रतिमाह 2100 रुपए देने की घोषणा की है वह भी देरी से उठाया गया कदम है।

## प्रगतिशील किसान आशीष सम्मानित

- प्राकृतिक खेती व फसल विविधिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने नवाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭डबवाली



**सिरसा।** सम्मान हासिल करते हुए आशीष मैहता। *फोटो: हरिभूमि*

उपमंडल के गांव सुकेराखेड़ा के प्रगतिशील किसान आशीष मैहता को चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार द्वारा विश्वविद्यालय में आयोजित कृषि मेला (खरीफ)-2025 में आयोजित भव्य समारोह में सम्मानित किया गया। आशीष मैहता को प्राकृतिक खेती व फसल विविधिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह अहम सम्मान मिला। विश्वविद्यालय द्वारा पूरे हरियाणा से 40 प्रगतिशील किसानों का चयन इस सम्मान के लिए किया गया था जिनमें दो किसान सिरसा जिले से थे। सम्मान देते हुए विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. बीआर कंबोज ने आशीष मैहता की सराहना करते हुए क्षेत्र के अन्य किसानों को उनसे प्रेरणा लेने का आह्वान किया। उल्लेखनीय है कि आशीष मैहता पिछले 8 वर्षों से खेती कार्य में अलग-अलग तकनीक अपनाकर अच्छी आमदनी कर अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बने हुए हैं। आशीष ने फसल अवशेष प्रबंधन पद्धति अपनाकर सूक्ष्मजीवी गतिविधियां बढ़ाकर मिट्टी की उपजाऊ शक्ति में अत्याधिक वृद्धि करते हुए फसलों की अच्छी पैदावार ली है। आशीष के मुताबिक धान की पराली जलाने से कार्बन डाइऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड, नाइट्रोजन ऑक्साइड व मिथेन जैसी ग्रीन हाउस गैसों के साथ-साथ पर्टिकुलेट मैटर का भारी मात्रा में उत्सर्जन होता है।

## स्कूली छात्रों को किया नशे के खिलाफ जागरूक

**सिरसा।** संगम स्कूल भरोखां में रोड़ी के अस्पताल एवं नशा मुक्ति केंद्र द्वारा मंगलवार को बच्चों को नशे से दूर रहने के बारे में एक जागरूकता कैंप लगाया गया। इस कैंप में काउंसलर जगदीप ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। जगदीप ने बच्चों को बताया कि नशा हमारे शरीर और मन के लिए बहुत हानिकारक है। उन्होंने बताया कि नशे की लत हमें अपने लक्ष्यों से दूर कर देती है और हमारे जीवन को बर्बाद कर देती है। इसके अतिरिक्त जीएनएम प्रगति और आरती ने बच्चों को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। उन्होंने बच्चों को बताया कि नशा हमारे समाज के लिए भी बहुत हानिकारक है और हमें इसके खिलाफ एकजुट होकर लडऩा चाहिए।

## हजारों एनएचएम कर्मचारी 23 को करेंगे सीएम आवास का घेराव

- कर्मचारी अपनी मांगों के प्रति को सरकार को करवाएंगे अवगत

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एसडीएम को प्रदर्शन बारे ज्ञापन सौंपते एनएचएम कर्मचारी।

स्वास्थ्य कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल आज एसडीएम से मिला और उन्हें 23 मार्च को मुख्यमंत्री आवास, कुरूक्षेत्र का घेराव करने बारे ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भारतीय मजदूर संघ के जिला प्रधान सतबीर शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि 23 मार्च को प्रदेशभर से हजारों एनएचएम कर्मचारी मुख्यमंत्री आवास कुरुक्षेत्र में रोष प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के बारे में सरकार को अवगत करवाएंगे। इस प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से भी काफी संख्या में कर्मचारी भाग लेंगे। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री अमित कुमार, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिला मंत्री सुरेश कुमार, शिव कुमार, अमनदीप सहित अनेक कर्मचारी मौजूद रहे। एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने मांग की है कि उच्च न्यायालय द्वारा विभिन्न याचिकाओं पर दिए गए स्टे का लाभ सभी एनएचएम कर्मचारियों को प्रदान किया जाए।

## उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन



**फतेहाबाद।** उपमंडलाधीश राजेश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में अनुसूचित जाति-जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं निगरानी कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एसडीएम ने पीड़ित व्यक्तियों को अतिशीघ्र आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में एसडीएम ने एजेंडा के तहत रखे गए विचाराधीन 12 मामलों पर सुनवाई कर जानकारी प्राप्त की और अधिकारियों व कमेटी सदस्यों के साथ गहनता से विचार विमर्श किया। एसडीएम ने बैठक में मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित व्यक्तियों पर होने वाले अत्याचार के मामले में कार्रवाई करने में किसी प्रकार की देरी न की जाए। उन्होंने पुलिस विभाग को निर्देश दिए कि मेडिकल व चालान रिपोर्ट, संबंधित विभाग को समय पर उपलब्ध करवाये व आपसी तालमेल से अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत दर्ज मामलों पर गंभीरता से कार्यवाई करें, ताकि पीड़ितों को जल्द से जल्द न्याय मिल सके।

## हरियाणा सरकार का बजट मजदूर और जन विरोधी : बेगराज

# आंगनबाड़ी वर्करों ने डीसी कार्यालय पर दिया धरना

- धरने की अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन सम्बंधित सीटू की जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने की ।

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** डीसी कार्यालय पर धरना देती आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स।

जिलेभर के आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स द्वारा अपनी मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर धरना देकर रोष प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स यूनियन सम्बंधित सीटू की जिला प्रधान सुनीता झलनियां ने की व संचालन माया पूनियां ने किया। धरने के बाद उपमंडल अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम मांग पत्र भी सौंपा गया। को संबोधित करते हुए सीटू नेता बेगराज ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा पेश किया गया बजट मजदूर और जन विरोधी है। इसके आम जनता के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि राज्य में लाखों मजदूर, ठेका कर्मी, कच्चे कर्मचारी, स्कीम वर्कर्स, आंगनबाड़ी, मिड-डे- मील, आशा वर्कर, सफाई कर्मी न्यूनतम वेतन 26 हजार रुपये की मांग कर रही है लेकिन सरकार इनकी कोई सुनवाई नहीं कर रहे।

#### बजट में कर्मियों को पक्का करने के बारे कोई शब्द नहीं

बजट में सीएम ने सरकारी विभागों में कार्यरत कच्चे कर्मचारियों, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में लगे कर्मचारियों, सफाई कर्मचारी, आंगनबाड़ी, मिड डे मील, आशा वर्कर इत्यादि के पक्का करने के बारे में एक शब्द भी नहीं बोला। जिला प्रधान सुनीता झलनिया, माया पूनिया, दमयंती व पिंकी ने संयुक्त रूप से बताया कि प्रदेश में विभाग द्वारा आंगनबाड़ी वर्करों को जो मोबाइल दिए गए हैं, वह 3 जीबी रैम के है। विभाग आए दिन पोषण ट्रैकर ऐप के वर्जन बढ़ा रहा है जिस कारण यह ऐप इन फोनों में काम नहीं करते। इसके अलावा टीएचआर भरते हुए बेनिफिशियरी की फोटो मांगता है, साथ ही महीने में जो टीएचआर लेकर जाएगा, लगातार फिर वही व्यक्ति हर महीने लेकर जाएगा। आंगनबाड़ी में कभी बच्चों की दादी, कभी बच्चों की मां खाना लेकर जाती हैं, ऐसे में एक व्यक्ति द्वारा राशन लेकर जाने की शर्त हटाए जाए। धरने को राज्य कमेटी सदस्य कृष्ण जांगड़ा, सीटू के जिला प्रधान जगीर सिंह, जिला सचिव ओम प्रकाश अनेजा, अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल ने भी संबोधित किया।